स्वच्छ ऊर्जा बिजली के बिल काम करने का सबसे तेज़ तरीका है

इस चुनाव में हमारे बिजली के बिल डाव पर हैं, आप किसे वोट करेंगे?

इस नवंबर, विक्टोरिया के सामने ऊर्जा और उसकी लागत को लेकर एक वास्तविक विकल्प है। हवा और सौर्य से मिलने वाली स्वच्छ ऊर्जा पहले से ही बिजली का सबसे सस्ता स्रोत है - और जहाँ कुछ पार्टियाँ इन्हें और आगे बढ़ाना चाहती हैं, वहीं कुछ अन्य पार्टियाँ हमें पीछे ले जाने पर आमादा हैं। वोट देने से पहले आपको यह जान लेना चाहिए।

बिल कम रखने के लिए केवल स्वच्छ ऊर्जा ही काम आ रही है।



वर्ष 2025 के लिए, स्वच्छ ऊर्जा से उत्पादित बिजली की तुलना में कोयले और गैस से उत्पादित बिजली की थोक लागत की तुलना, https://openelectricity.org.au/ पर उपलब्ध है।

प्रणाली में पहले से मौजूद स्वच्छ ऊर्जा के बिना – जो अब हमारी लगभग आधी बिजली का उत्पादन कर रही है – 2024 में घरेलू बिल लगभग $417 अधिक होता, यानी राष्ट्रीय स्तर पर $3.8 अरब की लागत। [1]

स्वच्छ ऊर्जा हमारे बिजली ग्रिड में कम लागत वाली ऊर्जा डालकर पहले से ही हम सभी के काम आ रही है। जिन परिवारों ने सोलर लगाया है, गैस के बजाय बिजली से चलने वाले उपकरण अपनाए हैं और बैटरी जोड़ी है, उनकी बचत और बढ़ जाती है। विक्टोरिया के लगभग दस लाख परिवार रूफटॉप सोलर से हर साल लगभग $1,500 बचा रहे हैं। बैटरी जोड़ने पर यह बचत लगभग $2,300 तक पहुँच जाती है। [2] कोयला, तेल और गैस पर निर्भर औसत विक्टोरियाई परिवार के लिए, सोलर, बैटरी और इलेक्ट्रिक वाहन के साथ पूरी तरह इलेक्ट्रिक हो जाने से हर साल $4,100 तक की बचत हो सकती है। [3]



स्वच्छ ऊर्जा हर समस्या का हल नहीं है – पुराने पड़ चुके नियम और निजी ऊर्जा विक्रेता कंपनियों की मुनाफ़ाखोरी कम बिलों के रास्ते में रुकावट बने हुए हैं। लेकिन इस समय, यही एकमात्र चीज़ है जो वास्तव में महंगे कोयले और गैस का मुकाबला कर रही है और वैश्विक उथल-पुथल से होने वाली कीमतों की बढ़ोतरी से हमें बचा रही है [4] , और इसे और ज़्यादा, और तेज़ी से बनाना ही बिल कम करने का सबसे अच्छा तरीका है।

महंगे जीवाश्म ईंधन (कोयला, तेल और गैस **से उत्पादित बिजली**) और अनुचित व्यवस्था बिलों को बढ़ा रहे हैं। अगली सरकार का काम सीधा है: और ज़्यादा स्वच्छ ऊर्जा और तेज़ी से बनवाना, और यह सुनिश्चित करना कि हर विक्टोरियाई को इस बचत का लाभ मिले।

सस्तीए स्वच्छ ऊर्जा के लिए वोट करने का संकल्प लें

इस चुनाव में किफ़ायती, स्थानीय स्वच्छ ऊर्जा के लिए वोट करने का संकल्प लें, और हम आपके वोट डालने से पहले आपको एक याद दिलाने वाला संदेश भेजेंगे, साथ ही यह जानकारी भी कि विभिन्न दल इस मुद्दे पर कहाँ खड़े हैं।

बिजली के बिल इतने ज़्यादा क्यों हैं?

1. **महंगी गैस सबके लिए बिजली उत्पादन की कीमतें बढ़ा देती है**
   गैस विक्टोरिया के ग्रिड में बिजली का सबसे महँगा स्रोत है, और 2015 से हम अपनी ज़्यादातर गैस विदेश भेज रहे हैं, इसलिए अब ऑस्ट्रेलिया में गैस की कीमतें अस्थिर अंतरराष्ट्रीय बाज़ार के हिसाब से चलती हैं। हर वैश्विक उथल-पुथल यहाँ बिल में बढ़ोतरी बन जाती है – और बड़ी कंपनियाँ इससे मुनाफ़ा कमाती हैं। इस साल ईरान युद्ध के कारण कीमतें आसमान छूने लगीं, और आठ प्रमुख तेल और गैस कंपनियों ने सिर्फ़ तीन महीनों में $93 अरब कमाए, जो पिछले साल की इसी अवधि से लगभग दुगुना है। [5]

---

2. **हमारे पुराने होते कोयला बिजलीघर बार-बार खराब हो जाते हैं, और तभी कीमतें सबसे ज़्यादा उछलती हैं**
   विक्टोरिया के ज़्यादातर कोयला बिजलीघरों की उम्र 40 साल से अधिक है। सिर्फ़ पिछले साल ही, खराबियों और मरम्मत के कारण हुए बंद होने से विक्टोरिया में 70 दिन के उत्पादन के बराबर बिजली ठप रही। हर बार ऐसा होने पर, कमी पूरी करने के लिए हमें महंगी गैस पर और ज़्यादा निर्भर होना पड़ता है, और कीमतें अचानक बढ़ जाती हैं। [6, 7]

---

3. **बिजली विक्रेता बचत को आप तक पहुँचाने के बजाय इसे अपनी जेब में डालने के तरीके ढूँढ रहे हैं**
   स्वच्छ ऊर्जा से बिजली की लागत घटने के बावजूद, कुछ कंपनियाँ दैनिक कनेक्शन शुल्क बढ़ा रही हैं। गैस उपभोक्ताओं से गैस कनेक्शन के लिए अलग से शुल्क लिया जाता है और ऑस्ट्रेलिया के 40% तक परिवार बिजली के लिए ज़रूरत से ज़्यादा भुगतान कर रहे हैं, क्योंकि वे अपने विक्रेता (रिटेलर) के सबसे सस्ते उपलब्ध प्लान पर नहीं हैं। जो लोग सालों से एक ही प्लान पर बने हुए हैं उन्हें सबसे भारी नुकसान उठाना पड़ता है: हर साल औसतन $221 अधिक। [8]

सस्ती, स्वच्छ ऊर्जा के लिए वोट करें

अपना वोट तय करते समय, हर उम्मीदवार से एक सवाल पूछना ज़रूरी है: क्या वे स्वच्छ ऊर्जा का समर्थन कर रहे हैं, या कीमतें बढ़ाने वाली कोयला और गैस कंपनियों के हितों की रक्षा कर रहे हैं?

सस्ती, स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार को रोकने से 2030 तक औसत परिवार को हर साल $408 अधिक चुकाने पड़ सकते हैं। और जब ऊर्जा महंगी होती है, तो इससे हमारी पूरी अर्थव्यवस्था में कीमतें बढ़ जाती हैं। [9]

खनन अरबपति जीना राइनहार्ट के समर्थन वाली जेस विल्सन और पॉलीन हैनसन पहले ही अपना रुख स्पष्ट कर चुकी हैं: वे हमारे बढ़ते स्वच्छ ऊर्जा उद्योग का गला घोंटना चाहती हैं और हमें कोयले और गैस पर निर्भर रखना चाहती हैं। [10] इसका मतलब है उन ट्रांसमिशन परियोजनाओं को छोड़ देना जो सस्ती नवीकरणीय बिजली हमारे घरों तक पहुँचाती हैं, [11] पवन ऊर्जा परियोजनाओं को रोक देना, [12] और हमें वैश्विक ईंधन झटकों और मनमानी कीमत-वसूली के सामने असुरक्षित छोड़ देना।

लिबरल और वन नेशन की ऊर्जा नीतियों के प्रभावों का हमारा पूरा विश्लेषण देखने के लिए यहाँ क्लिक करें ››

और जानिए

जीवन-यापन की लागत विक्टोरिया के लोगों के लिए वोट का सबसे बड़ा मुद्दा है, [13] और ऊर्जा बिल इस आर्थिक दबाव का एक बड़ा हिस्सा हैं, इसलिए जैसे-जैसे और उम्मीदवारों की घोषणा होगी और चुनाव प्रचार तेज़ होगा, यह मुद्दा सबसे आगे रहने की उम्मीद है।

इस चुनाव में किफ़ायती, देशी स्वच्छ ऊर्जा के लिए वोट करने का संकल्प लें, और हम आपके वोट डालने से पहले आपको एक याद दिलाने वाला संदेश भेजेंगे, साथ ही यह जानकारी भी कि प्रमुख दल इस मुद्दे पर कहाँ खड़े हैं।